# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - गणित

H2025MTH05371

**समय**– $2\frac{1}{2}$ घण्टे | **कक्षा- 5** | **पूर्णांक–60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1–5 )**

**निर्देश** –सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र–1 संख्या 4332 को शब्दों में लिखेंगे – 1

(A) चार हजार तीन सौ बत्तीस (B) चार हजार दो सौ तीन

(C) चार हजार तीन सौ तेईस (D) चार हजार दो सौ तैतीस

प्र–2 सममित अक्ष के दोनों ओर आकृतियाँ कैसी दिखाई देती हैं? 1

(A) एक जैसी (B) अलग अलग (C) गोल (D) लंबी


प्र–3 पैटर्न को आगे बढ़ाएं 101 , 201 , 301 , 401 , ... 1

(A) 601 (B) 501 (C) 301 (D) 401

प्र–4 6 सेंटीमीटर लंबाई के वर्गाकार कागज की चौड़ाई होती है – 1

(A) 8 सेंटीमीटर (B) 36 सेंटीमीटर (C) 12 सेंटीमीटर (D) 6 सेंटीमीटर

प्र–5 नीचे दिए गए बार – चार्ट में किस छात्र की लंबाई सबसे कम है? 1





(A) मुकेश (B) गोलू (C) रोहन (D) अंजली

**रिक्त स्थान ( प्रश्न क्र. 6–10 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र–6 बनी आकृति का परिमाप .......................... होगा । 1




प्र–7 आयत का परिमाप = 2 (लंबाई + ....... ...............) 1

प्र–8 अंग्रेजी शब्द SIS को .......... ........., घुमाने पर वह वैसे ही पढ़ा जाएगा। 1

प्र–9 किसी संख्या और शून्य का गुणनफल सदैव .................... होता है। 1

प्र–10 1000 ग्राम को .......................... किलोग्राम भी लिख सकते हैं। 1



P.T.O.


**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 11-16 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों को हल करिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र–11 समकोण को आधा करने पर बनने वाला कोण क्या कहलाता है? 2

प्र–12 वर्णमाला के अक्षर H में कितने कोण समकोण हैं? 2

प्र–13 एक आयताकार पार्क की लंबाई 300 मीटर तथा चौड़ाइ 200 मीटर है। तो उसका परिमाप ज्ञात कीजिए। 2




प्र–14 कोई 2 आकृतियों के नाम लिखे जो सममित हो? 2

प्र–15 अपने परिवेश से शंकु के कोई दो उदाहरण दीजिए? 2

प्र–16 एक बोरी में 50 किलोग्राम चावल आता है। ऐसी ही 8 बोरियो में कितने किलोग्राम चावल आएगा? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 17-22 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों को हल करिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र–17 दिये गए पैटर्न के आगे की तीन संख्याएं लिखिए। 3

2, 6, 10, _____, _____, ______

प्र–18 अपने क्षेत्र का नजरी नक्शा बनाइए जिसमें आपका घर, स्कूल व पेड़ पौधे भी दर्शाइए। 3

प्र–19 ¼ को दशमलव भिन्न में बदलिए। 3

प्र–20 एक वर्गाकार बगीचे की बाड़ की लंबाई 32 मीटर है तो बगीचे की एक भुजा की लंबाई कितनी होगी? 3

प्र–21 निम्नलिखित टैली चिह्न किस संख्या को प्रदर्शित करता है? 3




प्र–22 $\frac{6684}{11}$ की जांच बीजांक विधि से कीजिए। 3

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 23-26 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों को हल करिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र–23 सुनीता ने अपनी कार में 10 लीटर पेट्रोल भरवाया। यदि 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 105 रुपए थी तो ₹1500 देने पर उसे कितने रुपए वापस मिलेंगे? 5

प्र–24 कितने ¼ मिलकर आधा बनायेंगे। 5



प्र–25 15, 30, 45 का सबसे बड़ा साझा गुणनखंड लिखिए। 5

प्र–26 रोहित जुलाई के महीने में एक दिन में ₹585 कमाता है। वह ₹10000 प्रतिमाह अपनी माता को देता है, तो रोहित के पास जुलाई के महीने में कितने रुपए बचेंगे? 5

-----x-----